आकाशवाणी चंडीगढ़

अक्तूबर 2024, समय 1810

समाचार

- हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 25 हजार पदों की भर्ती के परिणाम बहुत जल्दी घोषित किए जायेंगे।
- हरियाणा सरकार ने विभिन्न सरकारी पदों पर नव चयनित उम्मीदवारों को प्रोविजनल आधार पर नियुक्ति पत्र जारी करने का निर्णय लिया।
- चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल सर्टिफिकेट बाद में प्रस्तुत करना होगा।
- हरियाणा की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 तारीख को पंचकूला के परेड ग्राउंड में होगा।
- कैथल के मुंदड़ी गांव में एक कार नहर में गिरने से 8 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी सवेंदना व्यक्त की।
- हरियाणा में दशहरे का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है।

****************************************************************************

हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि 25 हजार पदों की भर्ती के परिणाम बहुत जल्दी घोषित किए जा रहे हैं और जल्द ही नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिए जाएगें।मुख्यमंत्री ने कहा कि बी जे पी ने पिछले 10 वर्षो में बिना पर्ची व खर्ची वाली सरकार को चलाया है और युवाओं व उनके अभिभावकों ने बी जे पी पर तीसरी बार विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल के दौरान जब उन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिली तब उन्होंने 50 हजार युवाओं को नई नौकरी देने की बात कही थी और इन 50 हजार में से 15 हजार युवाओं को पिछले कार्यकाल में नियुक्ति पत्र दे दिए गए थे।श्री नायब सिंह ने कहा कि उन्होंने घोषणा की थी कि वह शपथ बाद में लेंगे , युवाओं के नियुक्ति पत्र पहले जारी होंगें।

मुख्यमंत्री ने  कहा कि कांग्रेस ने युवाओं के सपनों को चूर-चूर करने का काम किया और परिणाम घोषित करने में पाबंदी लगवाई। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में हम इन सभी युवाओं और उनके परिवारों को आमंत्रित करेंगें।

***************************************************************************

हरियाणा सरकार ने समूह क, ख , ग और घ के विभिन्न सरकारी पदों पर नव चयनित उम्मीदवारों को प्रोविजनल आधार पर नियुक्ति पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा चयनित इन उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दें के लिए चरित्र सत्यापन और मेडिकल सर्टिफिकेट में छूट दी जा रही है । उन्हें चरित्र सत्यापन प्रोविजनल नियुक्ति की तिथि से 3 महीने के अंदर-अंदर और मेडिकल सर्टिफिकेट दो महीने के अंदर-अंदर प्रस्तुत करना होगा।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को एक पत्र लिखा गया है।प्रवक्ता ने बताया कि सरकार के निर्देशों में निहित प्रावधान नव चयनित उम्मीदवारों को उनके चरित्र और पूर्व जीवन के सत्यापन के बिना सरकारी नौकरियों में शामिल होने की अनुमति नहीं देते हैं। उम्मीदवारों के चरित्र और पूर्व जीवन के बारे में सत्यापन के कार्य में बहुत समय लगता है। इसलिए सरकार ने नियुक्तियों में चरित्र सत्यापन और मेडिकल सर्टिफिकेट में 3 महीने की छूट देने का निर्णय लिया है।इस निर्णय के अनुसार उम्मीदवारों के बायोमेट्रिक सत्यापन के मिलान का कार्य प्रोविजनल नियुक्ति की तिथि से दो सप्ताह के भीतर किया जाएगा।प्रवक्ता ने बताया कि प्रोविजनल नियुक्ति पत्र में यह उल्लेखित होगा कि यदि सत्यापन के बाद उम्मीदवार के खिलाफ कुछ भी प्रतिकूल रिपोर्ट दर्ज की जाती है तो उस स्थिति में नव नियुक्त कर्मचारी की सेवाएं बिना किसी नोटिस दिए तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी जाएंगी।

***************************************************************************

हरियाणा की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के परेड ग्राउंड में होगा।हरियाणा बीजेपी द्वारा एक्स पर डाली गई एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि शपथ ग्रहण समारोह इस महीने की 17 तारीख को होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री शिरकत करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भी मीडिया से बातचीत में 17 तारीख़ को सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह होने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है इसलिए इस समारोह को भव्य

बनाने के लिए पूरी तैयारियां की जा रही हैं।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भी आज एक प्रेस विज्ञापित के माध्यम से शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्तूबर को आयोजित होने की जानकारी दी है।

*****************************************************************************
कैथल के मुंदड़ी गांव में आज सुबह एक गाड़ी नहर में गिरने से आठ लोगों की जान चली गई। सात शव निकाल लिए गए हैं, जबकि एक 12 वर्षीय लड़की की तलाश समाचार लिखे जाने तक जारी थी।हमारे संवाददाता ललित कुमार ने बताया है कि पुलिस गोताखोरों की मदद से लड़की की तलाश कर रही है लेकिन अभी तक नहर में उसका कोई सुराग नहीं मिला है।दुर्घटना के समय कार में सवार परिवार नजदीकी गांव स्थित गुरु रविदास मंदिर में माथा टेकने जा रहा था।

*****************************************************************************
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के कैथल में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वालों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन मौके पर हर संभव मदद पहुंचाने के लिए काम कर रहा है।

*****************************************************************************

हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कैथल नहर में कार गिरने से आठ लोगों की मृत्यु पर शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।श्री नायब सिंह ने कहा है कि दुःख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ है। उन्होंने आज लाडवा में पत्रकारों से बातचीत में हादसे में दिवंगत हुई आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की।मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने ज़मीनी स्तर से समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जन जन का कल्याण करना सरकार का लक्ष्य है।पत्रकारों के, हार के पश्चात कांग्रेस द्वारा ई वी एम पर सवाल उठाए जाने संबंधी प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री नायब सिंह ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में फंसी हुई पार्टी है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने झूठे वादे कर सत्ता हासिल की और वादे पूरे नहीं किए, यह सच्चाई जनता जान चुकी है।

*****************************************************************************
हरियाणा में आज दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह आज पंचकूला में दशहरा उत्सव पर रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन कर रहे

हैं।इस से पहले आज श्री नायब सिंह ने लाडवा की शिवाला राम कुंडी में पहुंचकर विजय दशमी के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेशवासियों को विजय दशमी के पर्व की बधाई देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।फरीदाबाद के सेक्टर 30 के दशहरा मैदान में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन कर रहे हैं।वहीं अंबाला छावनी की अनाज मंडी में भी दशहरा उत्सव मनाया जा रहा है जहां पूर्व मंत्री अनिल विज मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हैं। अंबाला ज़िले के बराड़ा में हर वर्ष की भांति रावण के 120 फुट के पुतले का दहन किया जा रहा है।

**********************************************************************

भिवानी की फास्ट ट्रैक अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय पराशर ने एक नाबालिग को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने के मामले में भिवानी जिले के गांव कलिंगा निवासी आरोपी शेर सिंह को दोषी करार दिया है और उसे 20 साल कैद व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि नहीं भरने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी। यह मामला वर्ष 2023 का है।

**********************************************************************

केंद्र सरकार ने कहा है कि आपातकालीन गर्भनिरोधक दवा की बिक्री और वितरण नियंत्रित करने वाले नियमों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और ये बिना डॉक्टर के पर्चे के उपलब्ध होती रहेंगी।केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने कहा है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में औषधि नियमों में बदलाव के प्रस्ताव की गलत व्याख्या की गई है।

**********************************************************************

केंद्रीय नवीन एवं  नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री- सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अभिनव परियोजनाओं को लागू करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस योजना के अंतर्गत अभिनव परियोजनाओं में- छत पर सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, व्यापारिक मॉडल और एकीकृत तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए पाँच सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसका उद्देश्य नए विचारों को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप से जुडे संस्थानों और उद्योगों की पहचान करना और उन्हें सहयोग देना शामिल है। इसमें छत पर सौर ऊर्जा को इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी स्टोरेज के साथ जोड़ने जैसी उभरती तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान इस अभिनव परियोजना के लिए योजना कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में काम करेगा। चयनित परियोजनाओं को लागत का 60 प्रतिशत या 30 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। केंद्र सरकार ने इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य छत पर सौर ऊर्जा क्षमता की

हिस्सेदारी बढ़ाना और आवासीय घरों को स्व्यं बिजली का उत्पादन करने के लिए सशक्त बनाना है।

*********************************************************************

हरियाणा में बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में इस महीने की 14 तारीख़ से 21 तारीख़ तक ज़िला स्तरीय प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।अंबाला के ज़िला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि अंबाला में उपायुक्त पार्थ गुप्ता, बाल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इन प्रतियोगिता में अंबाला ज़िले से विभिन्न स्कूलों के लगभग 2700 विद्यार्थी भाग लेंगे।कैथल के ज़िला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर सिंह चौहान ने बताया कि कैथल में बाल महोत्सव का शुभारंभ ज़िला बाल कल्याण परिषद् के अध्यक्ष डॉ० विवेक भारती करेंगे।
प्रतियोगियां चार समूह में होंगी। प्रथम समूह में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे भाग लेंगे जबकि दूसरे समूह में कक्षा छठी से 8वीं तक, तृतीय समूह में कक्षा 9वीं से 10वीं तक तथा चौथे समूह में 11वीं से 12वीं तक के बच्चे भाग लेंगे।